ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 01-11-2022

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-11-01 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-11-02	2022-11-03	2022-11-04	2022-11-05	2022-11-06
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	19.0	19.0	18.0	18.0	17.0
न्यूनतम तापमान(से.)	9.0	8.0	8.0	8.0	8.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	50	50	50	55	55
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	65	65	65	65	65
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	250	250	300	300	300
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	1	1	1	1

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगा।अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 17.0-19.0 व 8.0 से 9.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0 किमी/घंटे की गति से पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम व पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 6 से 12 नवम्बर के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से कम, अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

आईएमडी मौसम पूर्वानुमान और आपके स्थान की कृषि मौसम संबंधी सलाह अब मेघदूत मोबाइल ऐप पर अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है। कृपया निम्न लिंक से डाउनलोड करें: एंड्रॉयड: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.aas.meghdoot आईओएस: https://apps.apple.com/in/app/meghdoot/id1474048155

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगा। गाय-भैंसों में "लंपी स्किन डिजीज" जो कि एक वायरल बीमारी है से बचाव हेतु पशुओं का टीकाकरण अवश्य कराएं।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	भावर क्षेत्र में, गेहूँ की समय से बुवाई हेतु असिंचित अवस्था में गेहूँ की उन्नतशील किस्मे जैसे-सी 306, पी बी डब्लू 175, पी बी डब्लू 65, पी बी डब्लू 396, पी बी डब्लू 299, पी बी डब्लू 644 की बुवाई करे।
जौ	असिंचित दशा में, नीचे एवं मध्यम उँचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में जौ की फसल की बुवाई करे।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चना	कम उँचाई वाले क्षेत्रों में, सिंचित दशा में, चने की फसल की बुवाई करें।
गाजर	किसान भाई, भावर व घाटी क्षेत्रों में गाजर की बुवाई इस माह कर सकते है।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
प्याज	इस माह, किसान भाई प्याज की स्थानीय किस्मों के बीजों की बुवाई नर्सरी में कर सकते है।
गोभी	मध्यम उँचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रो मे, फूलगोभी, बन्दगोभी बीजू फसलों की पौध का प्रतिरोपण करें।
सेब	सेब, नाशपाती, आड़ू, प्लम इत्यादि फल वृक्षों की गिरी पत्तियों को इकट्ठा करके गड्ढे में डाले तथा बीमार एवं रोगग्रसित पत्तियों को जलाकर नष्ट कर दें ।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	जिन पशुओं में एफ0एम0डी0 (मुखपका खुरपका) रोग के टीके नही लगें है उन पशुओं में तत्काल टीकाकरण करा लें। ताकि आपका पशुधन स्वस्थ रहे और उससे लगातार आपको सही उत्पादन प्राप्त होता रहें। खुरपका मुखपका के लक्षण- आँखें लाल होना, तेज बुखार होना, उत्पादन तथा आहार ग्रहण करने की क्षमता में कमी होना, मुहँ में छाले होना,लार गिरना समय से उपचार न मिलने की दषा में पशु के खुरों में घाँव बनना जिसकी वजह से पशुओं का लंगड़ाकर चलना आदि। रोग के लक्षण पता चलते ही रोगी पशुओं को अन्य स्वस्थ पशुओं से तत्काल अलग कर दें। निकटतम पशु चिकित्सक की सलाह अनुसार उपचार करायें तथा स्वस्थ पशुओं को चारा देने के उपरांत ही अंत में पीड़ित पशुओं को मुलायम हरा चारा दें। तदुपरांत हाथों को लाल दवा से अच्छी तरह साफ करें।